राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल श्री मिश्र का उत्तर प्रदेश की राज्यपाल ने किया स्वागत

जयपुर/लखनऊ, 19 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र गुरूवार प्रातः लखनऊ पहुंचे। वहां स्थित राजभवन के विश्रामगृह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए मुलाकात की।

—

## विधानसभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना ने किया राज्यपाल श्री मिश्र का अभिनंदन

## राज्यपाल श्री मिश्र ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के नव–निर्माण कार्यों का अवलोकन किया

जयपुर/लखनऊ, 19 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में किए जा रहे नव–निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। बाद में उन्होंने विधानसभा भवन में बनाए गए डिजिटल संग्रहालय और छाया चित्रों के जरिए दर्शाए गए वहां के अतीत और वर्तमान के संपूर्ण परिदृश्य का भी अवलोकन किया।

राज्यपाल श्री मिश्र के लखनऊ स्थित विधानसभा भवन पहुंचने पर उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री सतीश महाना ने पुष्पगुच्छ भेंट कर भावभीना स्वागत किया। श्री महाना ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के इतिहास, वहां से जुड़े विशिष्ट व्यक्तित्व और संसदीय परम्पराओं से जुड़े संदर्भों के बारे में बताते हुए राज्यपाल श्री मिश्र को विधानसभा के बारे में प्रकाशित पुस्तक भी भेंट की।

——